# श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, सांगानेर (जयपुर)

(मीटिंग निर्णय प्रतिवेदन)

सत्र 2022-23 की छात्र प्रतिपुष्टि (फीडबैक) सर्वेक्षण रिपोर्ट के क्रम में प्राप्त समस्याओं के निवारण हेतु आयोजित मीटिंग का एजेंडे के क्रम में छात्रों की प्रतिक्रियाओं का अध्ययन कर सर्व सम्मति से निम्न निर्णय दिये गये।

- प्राप्त सभी समस्याओं के क्रम में ये सर्व सम्मति से ये निर्णय लिया गया कि जिन समस्याओं की सन्तुष्टि का प्रतिशत 90 प्रतिशत है तथा असन्तुष्टि का प्रतिशत 10 प्रतिशत या इससे कम है वे समस्याएँ प्रतिक्रियात्मक विचार-विमर्श के अतिमहत्त्वपूर्ण बिन्दु में न रखते हुए निरस्त की गयी।
- शिक्षक द्वारा पाठ्यक्रम की परिपूर्णता करवाने के विषय में 53.12% छात्रों ने पाठ्यक्रम को अच्छा एवं उत्कृष्ट ढंग से पूर्ण कराने के पक्ष में अपना मत प्रस्तुत किया है। छात्रों के अनुसार बहुत अच्छे ढंग से पाठ्यक्रम पूर्ति के पक्ष में तथा 15.32% छात्रों के द्वारा पाठ्यक्रम की अच्छे ढंग से आपूर्ति के पक्ष में अपना मत प्रस्तुत किया गया है।

  पाठ्यक्रम पूर्ति के विषय में बच्चों की स्थिति और उत्कृष्ट हो इस विषय पर और ध्यान दिया जावे
- विषय पर विस्तृत चर्चा के सन्दर्भ में लगभग 48.80% छात्रों ने उत्कृष्ट के पक्ष में तथा 39.71% छात्रों ने बहुत अच्छे के पक्ष में तथा 11.48% छात्रों ने अच्छे के पक्ष में मत प्रदान किए है। अच्छे के पक्ष में मत प्रदान को उत्कृष्ट के पक्ष में ले जाने के लिए शिक्षकगणों को और प्रयासरत रहना पड़ेगा।
- शिक्षकों के विषय विशेषज्ञता के सन्दर्भ में 51.19% छात्रों ने उत्कृष्ट स्तर पर तथा 40.66% छात्रों ने बहुत अच्छे स्तर पर तथा 8.13% छात्रों ने अच्छे स्तर पर बतलाए हैं। न्यून और औसत स्तर पर कोई भी मत प्रदान नहीं किए है। परन्तु जिन छात्रों ने अच्छे स्तर पर अपना मत दर्शाए है उसकी अपेक्षाओं की जानकारी शिक्षकों को विषयबोध को व्यापक बनाने हेतु प्रयासरत रहना वांछनीय है।
- शिक्षक का छात्रों से विषय पर स्पष्ट संवाद होने के संदर्भ में 49.76% छात्रों ने उत्कृष्ट स्तर पर 34.44% छात्रों ने बहुत अच्छे स्तर पर 15.78% छात्रों ने अच्छे स्तर पर अपना मत प्रदर्शित किए। जिन छात्रों ने अच्छे स्तर पर मत प्रदान किए है, उसको उत्कृष्ट स्तर पर ले जाने के लिए शिक्षकों को प्रयासरत रहना चाहिए।
- अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया के सन्दर्भ में 93.77% छात्रों के अनुसार शिक्षक समय पर आते हैं। 95.21% छात्रों के अनुसार शिक्षक यथासमय पाठ्यक्रम पूर्ण करते है। 100% छात्रों के अनुसार शिक्षकों की अध्यापन प्रक्रिया में पूर्ण तैयारी रहती है। 98.08% छात्रों के अनुसार शिक्षक अपने विषय के अलावा अन्य जानकारियां भी प्रदान करते हैं। 90.43% छात्रों के अनुसार कक्षा में शिक्षकों द्वारा विषय संबंधित अध्ययन सामाजिक जानकारियां भी दी जाती है। पढ़ाए गए विषय के बारे में प्रश्न

20/4/23

पूछने के सन्दर्भ में 88.99% छात्रों ने इतिवाचक मत प्रदान किए है। शिक्षक द्वारा शैक्षणिक उपकरणों का प्रयोग के सन्दर्भ में 66.50% छात्रों ने समझी प्रदान किए हैं। छात्रों के प्रति शिक्षक का व्यवहार के सन्दर्भ में 92.34% छात्रों ने इतिवाचक मत प्रदान किए है। अध्यापकों द्वारा छात्रों की समस्याओं का निदान करने के सन्दर्भ में 97.60% छात्रों ने इतिवाचक मत प्रदान किए है। इन सभी तथ्यों से अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया संतोषजनक प्रमाणित है जिसे निरंतर स्तरीय बनाए रखना वांछनीय है।

- पुस्तकालय के विषय में मात्र 13.39% छात्र ही नियमित पुस्तकालय का उपयोग करते हैं। 66.50% छात्र कभी-कभी पुस्तकालय का उपयोग करते हैं। 19.61% छात्रों ने यदा कदा पुस्तकालय का उपयोग करते हैं। मात्र एक छात्र पुस्तकालय का उपयोग नहीं करते हैं। पुस्तकालय के उपयोग हेतु छात्रों में जागरूकता बढ़ाए जाने की अपेक्षा लक्षित होती है।
- संस्था के 90.43% छात्रों ने विषय की सभी आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता के पक्ष में अपना मत दिया है। जब कि 9.56% छात्रों ने आवश्यक पुस्तकों की अनुपलब्धता के पक्ष में मत दिया है। ज्ञात किए जाने की अपेक्षा है कि छात्रों को किस तरह का सहयोग अपेक्षित है, यदि उचित है तो उसके लिए प्रयास वांछनीय है।
- पुस्तकालय में फोटो कॉपी की सुविधा के पक्ष में सिर्फ 89.47% छात्रों का समर्थन प्राप्त हुआ है। 10.52% छात्रों ने सुविधा नहीं दिए जाने के पक्ष में अपना मत प्रस्तुत किया है। सभी छात्रों को समान रूप से यथापेक्ष सुविधा उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता स्पष्ट होती है।
- प्रशासनिक विषय में 54.54% छात्रों ने इंटरनेट सुविधा को उचित बतलाया है। अतः परिसर को वाई-फाई परी सेवा दिया जाना अपेक्षित है। स्टाफ सहयोग के पक्ष में 96.17% छात्रों ने संतुष्टि दर्शाई है। 74.64% छात्रों ने शिकायत निवारण की प्रक्रिया के प्रति संतुष्टि व्यक्त की है। 50.23% छात्रों ने करियर काउसलिंग की जानकारी होना दर्शाया है। इस क्षेत्र में सभी छात्रों को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। संस्था के 79.90% छात्रों ने छात्रवृत्ति प्राप्ति का संकेत दिया है, जो संतोषजनक एवं सराहनीय है। 89.47% छात्रों ने खेल सुवधिाओं एवं 95.21% छात्रों ने साहित्यिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भाग लिए जाने का उल्लेख किया है। यह सभी स्थितियां संतोषजनक है।

कतिपय छात्रों द्वारा निम्न विशेष सुझाव भी प्रस्तुत किए गए हैं, जो निम्न प्रकार है।

मीटिंग में निर्धारित सभी समस्याओं का सर्व सम्मति से यथोचित निदान किया गया। अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ प्रस्तुत प्रतिवेदन।

( कृष्ण देव शुक्ल )
**समन्वयक**

दिनांक ................